महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई–मेल

प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्या : प्राशिप/अनु03/2024/7618 लखनऊ :दिनांक–07/10/2024

विषयः **सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के अपूर्ण परीक्षा परिणाम को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 का परीक्षा परिणाम, परिषद द्वारा दिनांक 03/10/2024 को घोषित कर दिया गया है। परन्तु कतिपय संस्थाओं के छात्र/छात्राएं जिनका परीक्षा परिणाम अपूर्ण प्रदर्शित हुआ है परीक्षा परिणाम संशोधन के संबंध में सीधे परिषद कार्यालय उपस्थित हो रहे हैं।

अवगत कराना है कि परिषद के पास अभी भी लगभग 3,000 उत्तरपुस्तिकाएं ऐसी हैं जिनमें छात्र/छात्राओं द्वारा अनुक्रमांक संख्या एवं क्यू0पी0 संख्या गलत अंकित करने के कारण उनके अंक परीक्षा परिणाम में प्रदर्शित नहीं किये जा सके हैं। ऐसे छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम में AA प्रदर्शित हो रहा है। अतः उक्त के संबंध में छात्र/छात्राओं का उपस्थिति विवरण परीक्षा केन्द्र से प्राप्त कर, जिस परीक्षा केन्द्र पर छात्र/छात्राओं ने परीक्षा दी हो, दिनांक 10.10.2024 तक अनुभाग 3 की ईमेल आईडी bteanu3@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

यह भी अवगत कराना है कि परीक्षा परिणाम में संशोधन हेतु अपनी संस्था के छात्र/छात्राओं को परिषद कार्यालय न भेजें। अनुभाग 3 की ईमेल आईडी bteanu3@gmail.com के माध्यम से ही दिनांक 10.10.2024 तक समस्त प्रपत्रों सहित आवेदन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें, ताकि परिषद द्वारा समयान्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। दिनांक 10.10.2024 के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पर परिषद द्वारा विचार नहीं किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा। साथ ही यदि आपके संस्था के छात्र/छात्राएँ परिषद कार्यालय उपस्थित होते हैं तो यह माना जायेगा कि आपके द्वारा छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम को पूर्ण कराने में रूचि नहीं ली जा रही है, जो कि अन्यथा की स्थिति है।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/अनु03/2024/7619-20 तद्दिनांकः–07/10/2024

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव